# <u>आदर्श महिला महाविद्यालय, भिवानी</u>

<u>वार्षिक–विवरण</u>

**राह संघर्ष की जो चलता है, संसार को वही बदलता है।**

**जिसने रातों की जंग जीती है, सूरज बनकर वही निकलता है।।**

नारी शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति के नए आयाम स्थापित करता हुआ आदर्श महिला महाविद्यालय परिवार अपने उन प्रेरणा –पुरुषों को सादर नमन करता है जिन्होंने हमें यह पुनीत अवसर प्रदान किया है कि हम आज छोटी काशी भिवानी में शिक्षा के अनेक दीपों को दीपित हुए देख रहें है। किसी भी शिक्षण संस्थान की आधारशिला त्याग और तपस्या होती है। आदर्श महिला महाविद्यालय की नींव में भी यही त्याग और तप है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एंव राज्यसभा के पूर्व सांसद, राजनीति के संत स्वर्गीय श्री बनारसी दास गुप्ता जी तथा नारी शिक्षा के प्रबल पक्षधर, निष्काम कर्मयोगी, सच्चे समाजसेवी स्वर्गीय श्री भगीरथमल बुवानीवाला जी ने अपने कुछ संकल्पशील साथियों के साथ जुलाई ,1970 में नारी जीवन में आदर्श मूल्यों की शिक्षा स्थापित करने के उद्देश्य से आदर्श महिला महाविद्यालय की स्थापना की थी। हमारे महापुरुषों का संकल्प बडा था इसलिए मात्र 75 छात्राओं के साथ लघु प्रांगण से शुरू की गई यह नारी – शिक्षा – संकल्प–यात्रा अनवरत प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। वर्तमान में महाविद्यालय नारी शिक्षा के क्षेत्र में एक मजबूत कीर्ति स्तम्भ के रूप में जाना जाता है। आज हमारी

3000 से अधिक छात्राएँ अपनी कुशल शिक्षिकाओं और प्रबंधकारिणी समिति के सक्रिय सहयोग से अपने व्यक्तित्त्व का सर्वांगीण विकास कर रही हैं। उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणाम एंव सांस्कृतिक स्पर्धाओं में नवीन कीर्तिमान स्थापित करते हुए आदर्श महिला महाविद्यालय नें हरियाणा प्रदेश व संपूर्ण देश में अपनी पुख्ता पहचान दर्ज की है। प्रबंधकारिणी समिति के प्रधान श्री अजय गुप्ता, महासचिव श्री अशोक बुवानीवाला, उप–प्रधान श्रीमती सुनीता गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्री सुंदर लाल गोटेवाला तथा माननीय सदस्यों का समर्पण ही हमारा ही सम्बल है।

**उपलब्ध– सुविधाएँ**: महाविद्यालय प्रगति विवरण प्रस्तुत करते हुए मैं महाविद्यालय की सुविधाओं के बारे में बताना चाँहूगी। CCTV, Wi-Fi, Fire Extinguisher लैस महाविद्यालय परिसर शैक्षिक वातावरण के अनुकूल है। स्वच्छ वातावरण, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, समृद्ध पुस्तकालय, आधुनिक कम्प्यूटर और विज्ञान प्रयोगशालाएँ, संगीत और चित्रकला प्रयोगशालाएँ, स्मार्ट क्लासरूम, विस्तृत खेल प्रांगण छात्रावास, कैन्टीन, औषधालय, विशाल सभागार, प्राध्यापिका–कक्ष के अतिरिक्त आपातकालीन द्वार, ओपन जिम, बास्केट बॉल ग्राऊंड, परिवहन बस, दिव्यांग बाथरूम, हरित व्यवस्था, सभी बरामदों एंव गार्डन एरिया में भी पूर्ण प्रकाश आदि की सुविधाएँ भी प्रबंधकारिणी समिति द्वारा उपलब्ध करवाई गई हैं।

**प्राध्यापक–वर्ग**: सुशिक्षित एंव समर्पित शिक्षक ही शिक्षण संस्थान और छात्राओं का सर्वांगीण विकास करतें हैं। प्राध्यापक– वर्ग की विद्वत्ता तथा कर्त्तव्य–निष्ठा का जितना बखान किया जाए उतना कम है।

वर्तमान में महाविद्यालय में DHE Approved 10 और अनुबंधित प्राध्यापिकाओं की संख्या लगभग 86 है, जो सभी मिलकर शिक्षण कार्यों को सुचारू रुप से चला रही हैं।

**<u>पाठ्य–विषयः</u>** वर्तमान में_महाविद्यालय में कला संकाय, वाणिज्य एंव विज्ञान संकाय के साथ–साथ BCA Vocational Courses Advertising Sales Promotion & Sales Management, B.Sc with Computer Science, B.Com. Computer Application, Skill Enhancement Courses में भी शिक्षा प्रदान कर रहा है। इसके अतिरिक्त अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, गणित, भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान विषयों की स्नात्तकोत्तर कक्षाएँ भी नियमित रूप से संचालित हैं। इसके अलावा वर्तमान में Hobby Club के अंतर्गत स्नात्तक व स्नात्तकोत्तर कक्षाओं की छात्राएँ योग, कुंकिग, संगीत, पेंटिंग तथा कम्प्यूटर आदि कक्षाओं में पांरगत हो रही हैं। Vedic Maths, Tally Digital Marketing में certificate courses भी सफलतापूर्वक चलाए जा रहे हैं।

**<u>परीक्षा परिणामः</u>** ईमानदार परीक्षा–प्रणाली एंव उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से ही कोई शिक्षण–संस्था पहचानी जाती हैं। हमारी परिश्रमी और अनुशासित छात्राएँ हमारी पहचान हैं, जिन्होंने गत वर्षों की भांति सत्र 2021–22 और 2022–23 में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दिए हैं। महाविद्यालय के परीक्षा परिणाम के इतिहास पर दृष्टि डालें तो अधिकतर इसके परिणाम शत–प्रतिशत 95 तथा 90 प्रतिशत रहें हैं। इस वर्ष स्नात्तकोत्तर कक्षा में हमारें महाविद्यालय की छात्रा शिवांगी ने अर्थशास्त्र में, प्रियांशी ने अंग्रेजी में विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान

प्राप्त किया । सत्र 2021 अंग्रेजी स्नात्तकोत्तर कक्षा में ममता न विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

**<u>पाठ्य</u>** <u>सहायक परिषद् एवम्</u> **<u>प्रकोष्ठ</u>**: छात्रों की सुप्त प्रतिभा को जाग्रत कर उनकी अन्तर्निहित विशिष्टताओं के समुचित विकास के लिए महाविद्यालय में प्रत्येक विषय सम्बंधी परिषद्, प्रकोष्ठ तथा क्लब आदि का गठन किया है। जिनके अन्तर्गत समय–समय पर अन्तः कक्षा, अन्तः महाविद्यालय, राज्यस्त्तर एंव राष्ट्र स्त्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है तथा विजयी छात्राओं को पुरस्कृत किया जाता है।

<u>हिंदी साहित्य परिषद</u>: अत्यन्त गर्व की बात है कि हिंदी साहित्य परिषद् के अन्तर्गत सत्र 2021–22 में राज्यस्तरीय काव्य–पाठ प्रतियोगिता में खुशबू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वैश्य महाविद्यालय भिवानी में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में आकांक्षा ने उर्दू कविता में द्वितीय स्थान और हिंदी कविता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सत्र 2022–23 में आई बी स्नातकोत्तर महाविद्यालय पानीपत में राष्ट्रीय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में विशाखा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । नेहरु युवा केन्द्र भिवानी द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता में

विशाखा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 5000 रूपए का नकद पुरस्कार तथा रेखा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 2000 रूपए का नकद पुरस्कार प्राप्त किया। महाविद्यालय में अभिव्यक्ति का उत्सव कार्यक्रम हुआ जिसमे लगभग 600 छात्रओं ने भाग लिया।

10 जनवरी 2023 को सेंट पीटर कॉलेज फरीदाबाद में राज्य स्तरीय स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता में ट्विंकल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। K .M College भिवानी में आयोजित अन्तः महाविद्यालय कविता पाठ प्रतियोगिता में हमारी छात्राओं ने ट्रॉफी प्राप्त की। बहुत ही गर्व है की बात है कि 19 फरवरी 2023 को हरियाणा साहित्य अकादमी के संयुक्त तत्त्वावधान में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई, जिसमें देश–विदेश से आए विद्वानों और शोधार्थियों के चयनित आलेखों को डा० मधुमालती और डॉ० रमाकांत शर्मा द्वारा सम्पादित कर पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया गया । इस पुस्तक का विमोंचन 29 सिंतबर 2023 को DGP उत्तराखंड श्री अशोक कुमार तथा अन्य विद्वानों की उपस्थिति में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 राजकुमार मित्तल जी के कर कमलों द्वारा किया गया।

अंग्रेजी साहित्य परिषद के अन्तर्गत राज्य स्तरीय अन्तः महाविद्यालय प्रतियोगिता में वंशिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। CBLU के अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रीति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। K.M. College में अन्तः महाविद्यालय प्रतियोगिता में वंशिका ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

संस्कृत साहित्य परिषद के अंतर्गत एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की। राज्य स्तरीय Online श्लोको उच्चारण प्रतियोगिता में हमारी छात्रा प्रिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

चित्रकला **एंव** गृह विज्ञान परिषदः के अन्तर्गत प्रारम्भ से ही छात्राओं को रचनात्मक बनाने तथा उनके कौशल–कला को निखार कर रोजगारोंन्मुख बनाने के प्रयास किए जाते रहे हैं। समय–समय पर छात्राओं द्वारा निर्मित सामान की प्रदर्शनी एंव सेल भी लगाई जाती है। जिससे छात्राएँ आत्मनिर्भर बन सके। हमारी छात्राओं ने वैश्य महाविद्यालय में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान, राजकीय महाविद्यालय पंचकुला में आयोजित रेसिपी–मेकिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आर्य कन्या महाविद्यालय शाहबाद में रंगोली प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

लालित कला विभागः के अन्तर्गत राष्ट्रीय स्तरीय स्टॉल डिजाइनिंग प्रतियोगिता में प्रीति ने और Poster Making, में स्वर्णदीप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजकीय महाविद्यालय **भिवानी** में आयोजित पेंटिंग और स्लोगन प्रतियोगिता में दीक्षा और श्वेता द्वितीय स्थान पर रही।

संगीत परिषदः संगीत गायन तथा वादन परिषद के अन्तर्गत हमारी छात्राओं ने शास्त्रीय, उपशास्त्रीय, संगीत, लोक संगीत, पाश्चात्य संगीत, ऑर्केस्ट्रा हरियाणवी–ऑर्केस्ट्रा, शास्त्रीय वादन आदि प्रतियोगिताओं में अंतः महाविद्यालय विश्वविद्यालय स्तर तथा युवा–महोत्सव आदि में अनेकानेक पुरस्कार प्राप्त कर हमें गौरव का अनुभव करवाया।

मनोविज्ञान विभागः आज के दौर में व्यस्त और तनावग्रस्त जीवन में मानसिक शान्ति और संतुलन को बनाए रखने के लिए मनोविज्ञान विभाग के अंतर्गत Counselling की सुविधा दी जाती है।

B.C.A: 07 जनवरी 2022 को BCA विभाग द्वारा एकदिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन हुआ। हमारे महाविद्यालय में एक Green BCA Lab का निर्माण किया गया है जिसके उद्धेश्य Solar Energy की साहयता से LAB को चलाना है। Green Energy की दिशा में यह एक अनूठी पहल है

भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा 25 नवम्बर 2021 को Orientation कार्यक्रम आयोजित किया। Online कार्यशाला पर आधारित व्याख्यान माला आयोजित की गई। IAPT परीक्षा में हमारी छात्राएँ प्रिया राठौड और प्रेक्षा कौशिक ने Top Ten Percent में स्थान प्राप्त किया।

समय–समय पर Paper Presentation, Poster Making और विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

24 फरवरी 2022 को डीएवी कॉलेज करनाल में आयोजित Power Presentation में हमारी रसायन विभाग की छात्राओं ने भाग लिया। करनाल में आयोजित Online Poster Making प्रतियोगिता में Zoology Department की छात्राओं ने भाग लिया।

07 फरवरी 2022 को वनस्पति विभाग द्वारा अंतः महाविद्यालय Online Rangoli प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें हमारी छात्राएँ सुरूचि, अन्जु और ममता क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रही । 19 नवम्बर 2022 को मानव रचना यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित Online प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हमारी छात्रा वर्षा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय द्वारा 4 मई 2022 से 10 मई 2022 तक एक सप्ताह की कार्यशाला का आयोजन किया।

वाणिज्य विभागः के अन्तर्गत Extension Lecture Webinar, Educational Tour, Ad. Making Competition का आयोजन किया गया। Hobby Club के अन्तर्गत Pot Painting, Folk Dance

Competition, Cooking Without Fire, Workshop on Summer Drink आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। Placement and Carreer Guidance Cell के अन्तर्गत महाविद्यालय में 3000 छात्राओं के लिए सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 700 छात्राओं ने भाग लिया। पहली 50 छात्राओं के लिए प्रबंधकारिणी समिति द्वारा विभिन्न प्रशासकीय प्रतियागिताओं की तैयारी करवाने का बीडा उठाया। हमारी छात्राओं को वैश्य कॉलेज में Job Fair में भेजा गया। महिला प्रकोष्ठ के अन्तर्गत विस्तार–व्याख्यान, Flower Jewellary Making Competition का आयोजन किया गया। Youth Red Cross Club और Red Ribbon Club के अन्तर्गत Medical Health Check-up Camp का आयोजन किया गया।

Red Ribbon club: के अन्तर्गत एड्स जागरुकता अभियान चलाया गया। समय–समय पर विशेषज्ञों को आमंत्रित कर विस्तार व्याख्यान आयोजित किए गए।
कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के अन्तर्गत छात्राओं को समय–समय पर कानूनी जानकारी प्रदान की जाती है। कानूनी जानकारी प्रदान करने के लिए वेबिनार कार्यशाला व विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया जाता है। प्रांत स्तरीय और राज्यस्तरीय निबंध, भाषण, वाद, विवाद, कविता प्रश्नोत्तरी, PPT, Slogan Writing प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त कर हमारी छात्राओं ने महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

N.S.S. की छात्राएँ सदैव राष्ट्रीय सेवा में संलग्न रही हैं। महाविद्यालय में तीन शिविर एक दिवसीय तथा एक शिविर सात दिवसीय लगाए गए। इनके अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियाँ करवाई गई जैसे– स्वच्छ भारत अभियान, Door to Door campaign राष्ट्रीय एकता व देशभक्ति पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, PPT प्रतियोगिता, World Vegetarian

Day, Salad Decoration Competition, Clinical मनोविज्ञान पर कार्यशाला, पौधारोपण तथा अनेक समाज– सुधार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। N.S.S. Cell की दोनों इकाइयां की स्वंयसेविकाओं ने National Survey For Youth not in Formal Education or Regular Employment " Neet Survey" में बढ चढ कर भाग लिया।

National integrated Camp में उत्साहपूर्वक भाग लेती हैं।

NCC: छात्राओं में आत्मप्रेरणा, नेतृत्व व आत्मनिर्भरता जैसे गुणों की अभिवृद्धि हेतु महाविद्यालय में NCC की व्यवस्था है।

26 जनवरी 2022 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर और 15 अगस्त 2022 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हमारी छात्राओं ने जिला स्तरीय परेड में भाग लिया और क्रमशः द्वितीय और प्रथम स्थान प्राप्त किया। पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्लास्टिक मुक्त भारत पर निबंध लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की। महाविद्यालय Cadets अनु और ममता ने ATC Camp में Volly Ball प्रतियागिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। U.O. (Under Officer) आयुषी को Best Senior Award से स्म्मानित किया। राष्ट्रीय स्तरीय कैंप एक भारत श्रेष्ठ भारत में उर्मिला और उर्वशी और पूजा ने समूह नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

NCC Cadets ने सोनीपत में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। हेमा ने भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान, हेमलता ने निबंध लेखन में तृतीय स्थान, सोनल ने Poster Making में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

Sports: शैक्षणिक व सांस्कृतिक क्षेत्रों की भांति क्रीडा क्षेत्र में भी महाविद्यालय की छात्राएँ सदैव अग्रणी रही हैं।

8 मार्च 2022 को अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय Self Defence Training Programme का आयोजन किया गया, जिसमें ट्रेनर हमारे महाविद्यालय की पूर्व छात्रा और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर Gold Medalist कुमारी हर्ष तायल रही,

22 नवम्बर 2022 को अन्तः महाविद्यालय Yoga Tournament में आदर्श महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा छात्रा पूजा को बेस्ट योगी का खिताब मिला। 27–28 मार्च 2023 को 20वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न हुई, जिसमें मुख्य अतिथि बीजिंग ओलंपिक्स के Gold Medalist जाने-माने बॉक्सर श्री विजेन्द्र सिंह रहे। Taekwondo, Boxing, Atheletic, Power Lifting, Karata, Hand Ball, Tripple Jump, आदि खेलों में राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियाँ हासिल कर हमारी छात्राओं ने महाविद्यालय का नाम ना केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में रोशन किया। हाल ही में 2023 में एशियाई Taekwondo गेम में अरुणा तंवर ने कांस्य पदक प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। All India o Khelo India University Championship में पूजा ने स्र्वण पदक प्राप्त किया तथा World University खेलों के लिए Qualified किया। Senior State Net Ball Championship में हमारी छात्राओं ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

युवा समारोह (Zonal & Inter Zonal Youth Festival: हमारी छात्राएं क्षेत्रीय तथा अन्तः क्षेत्रीय युवा समारोह में अनेक पुरस्कार प्राप्त करती रही हैं। सत्र 2022–23 में प्रिया ने Zonal Youth Festival में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार प्राप्त किया। Inter University Youth Festival में रोहिणी और श्वेता ने क्रमशः कोलॉज मेकिंग और रंगोली में पाँचवां स्थान प्राप्त किया। International Youth festival में श्वेता और

सिमरन ने क्रमशः कोलॉज मेकिंग और पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा मनीषा ने रंगोली में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

Dramatic club के अंतरर्गत राज्य स्तरीय मिमिक्री और मोनो एक्टिंग प्रतियोगिता में हेमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**Incubation center**

महाविद्यालय में Incubation center बनाया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य स्टार्टअप व्यवसाय को विकसित करते में मदद करना, Mentoring, Marketing, Product Development, Funding, Network support, Important tools, Team support प्रदान करना है। सभी संकायों की छात्राओं को स्टार्ट अप शुरू करने से लेकर Marketing, Sales व Funding तक के सफर में मदद मिल सके, इसी उद्देश्य के साथ इसे Ddevelop किया गया है। इसके अन्तर्गत सत्र (21-22) में Environmental Consciousness को Promote करने के उद्देश्य से कार्यक्रम "Prayers" एक अनूठी पहल आयोजित किया गया जिसमें छात्राओं ने Biodegradable Waste Products से विभिन्न Articles बानाए व Sale किए । स्वंय के Startup को कैसे शुरू किया जाए, इसी श्रृंखला में इसी सत्र में "Earn while you learn" को promote करते हुए स एक Exhibition लगाई गई। जिसमें महाविद्यालय की प्राध्यापिकाओं के मार्गदर्शन में छात्रायों ने Fashion Designing, Tie & Die, Steaching, Block Printing, Embroidery तथा Advance Designing सम्बंधी Product तैयार किए व Sale किए | Entrepreneurship की दिशा में यह हमारा महत्वपूर्ण कदम था। इसी के साथ - 2 छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने का एक Platform महाविचालय के माध्यम से मिल रहा है।

**Research and Development cell**

महाविद्यालय का Research & Development Cell शिक्षकों व विद्यार्थियों में बेहतर शिक्षा व अनुसंधान (Research) को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाया गया है

ताकि महाविद्यालय के सभी संकायो (Faculty) में Research Environment Develop हो सके।

RDC के तत्वाधान में विभिन्न Conferences, seminars, Workshops, Training Programmers, FDP, Value added Programmes, आदि समय-2 पर आयोजित किए जाते हैं। इस दिशा में महाविद्यालय Research Programmes, Policy development, funding, product. Development, monitoring and Commercialization, Legal & ethical matters पर बल, Collaboration of community engagement की तरफ अग्रसर है। सत्र (21-22) से लेकर अब तक. members ने research papers present किए, Faculty ने Reputed Journals में अपने research papers publish कराए। विभिन्न departments से faculty members à Books publish व Chapters edit किए। इसी श्रृंखला में training programmes, FDP, Refresher Courses, Workshops of conferences attend करने वाले स्टाफ सदस्यों की संख्या है। RDC के अन्तर्गत महावियालय समय-2 पर Faculty development Programmes, Workshops at conferences भी आयोजित करता रहता है जिसमें हाल ही में आयोजित Workshop on Communication skill Enhancement, Faculty development Programme on teaching pedigrees, Three days Workshop on NEP, Fifteen days workshop for non-teaching staff on ICT skill enhancement आदि प्रमुख है। इसके अतिरिक्त महाविचालय के विज्ञान संकाय की छात्रों के Society से जुड़े विभिन्न मुद्दों संबंची field work assign किया जाता है ताकि वे पर्यावरण संबंधी समस्याओं से directly जुड़ कर अपना सहयोग कर सकें।

<u>NEP-2020</u>

नई शिक्षा नीति-2020 को लागू करने की दिशा में हमारा महाविद्यालय महत्वपूर्ण बिन्दुओं की और अपना कदम बढ़ा रहा है। इनमें से Academic Rank of credit Portal पर छात्राओं का Registration, Framework of Institutional

development plan, choice based Credit system, NAAC accreditation, smart class looms, Faculty development Programmes, Publication and presentation of research papers by faculty, Industry Interaction, setting up of Incubation center, Use of ICT in pedagogy, Active student clubs, Efforts for Physical fitness of students, skill based add on courses and subscription to research journals in college libraries जैसे महत्वपूर्ण विन्दुओं पर महाविद्यालय संज्ञान ले चुका है।

**<u>P.R. Media club</u>**: के अंतरगत महाविद्यालय गतिविधियों को सोशल मीडिया पर उसी समय देख सकते है। Print Media पर हमारी Coverage 291 और Facebook पर 1.1k views रहे। आदर्श महिला महाविद्यालय 8 पेज की मासिक अनुपमा यात्रा News Letter भी निकाल रहा है।

<u>पुस्तकालय</u>: किसी भी पुस्तकालय का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वाध्याय की आदत का विकास करके, उनके ज्ञान में वृद्धि करना होता है। हमारा पुस्तकालय भी निरंतर इस उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए विकास की ओर अग्रसर है। वर्तमान में Computerised तथा वातानुकूलित पुस्तकालय में लगभग 42000 पाठ्य-पुस्तके, 500 से अधिक Reference Books, 14 समाचार-पत्र, 34 पत्रिकाएँ तथा 19 जर्नलस उपलब्ध हैं। गर्व का विषय है कि प्रबंधकारिणी समिति के सद्प्रयासों से महाविद्यालय में डिजिटल लाईब्रेरी का भव्य भवन बनकर तैयार हो गया है।

इसके अलावा महाविद्यालय में पूर्ण सुविधा सम्पन्न छात्रावास और औषधालय की व्यवस्था है। छात्राओं में नैतिक मूल्यों के विकास हेतु महाविद्यालय परिसर में मंदिर का निर्माण किया गया है।

निष्कर्ष रूप में आदर्श महिला महाविद्यालय निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर होकर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। जिसके कारण यह हरियाणा का उत्कृष्ट महाविद्यालय घोषित किया जा चुका है। हमारा संकल्प है कि हम अनवरत प्रगति पथ पर अग्रसर रहेंगे। पुनः समस्त अतिथिगण का सादर वन्दन करती हूँ और अभिनंदन करती हूँ। काव्य पंक्तियों के माध्यम से अपने संकल्प को व्यक्त करती हूँ।

कोशिश करेंगे हल निकलेगा , मरुस्थल से भी जल निकलेगा।
अर्जुन के तीर से सधेंगे , फौलाद का-सा बल निकलेगा ॥
मेहनत करेंगे हिम्मत को बल देंगे , बंजर जमीन से भी जल निकलेगा।
जिन्दा रखेंगे दिल में उम्मीदों को , गरल के समुद्र से भी गंगाजल निकलेगा ॥